# आकाशवाणी गोरखपुर
## प्रादेशिक समाचार

दिनांक–07 अगस्त 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- पारिवारिक संपत्ति विभाजन और संपत्ति व्यवस्थापन की प्रक्रिया हुयी सरल। अब पांच हजार रूपये में हो जायेगा पैतृक सम्पत्ति का बंटवारा।
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने की अयोध्या में विकास कार्यों और कानून व्यवस्था की समीक्षा। कहा– श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये ई–वाहनों का बढ़ाया जाय संचालन।
- अब हर जिले में विश्वविद्यालय की स्थापना करेगी प्रदेश सरकार। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उच्च शिक्षा क्षेत्र में निजी निवेश के प्रोत्साहन के लिये नई नीति तैयार करने का दिया निर्देश।
- पेरिस ओलम्पिक में महिलाओं की पचास किलोग्राम वर्ग की कुश्ती में विनेश फोगाट ने सेमिफाइनल में बनायी जगह। हॉकी प्रतियोगिता में भारत को जर्मनी से मिली हार।

**********

प्रदेश में अब पारिवारिक विभाजन और व्यवस्थापन में भी बड़ी सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए हैं कि एक परिवार के सदस्यों के बीच अचल संपत्ति के बंटवारे और जीवित व्यक्ति द्वारा अपनी संपत्ति को अपने परिवारीजनों के नाम करने पर देय स्टाम्प शुल्क भी पांच हजार रुपये तय किया जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि अधिक खर्च के कारण अक्सर परिवार में विभाजन से विवाद की स्थिति बनती है और कोर्ट केस होते हैं। न्यूनतम स्टाम्प शुल्क होने से परिवार के बीच समझौता आसानी से हो सकेगा। मुख्यमंत्री ने कल लखनऊ में हुई बैठक में कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में राज्य सरकार ने आम आदमी के ईज़ ऑफ़ लिविंग के लिए अनेक प्रयास किये हैं। संपत्ति विभाजन और व्यवस्थापना प्रक्रिया में सरलीकरण से लोगों को और सुविधा होगी। स्टाम्प एवं पंजीयन मंत्री रविन्द्र जायसवाल ने बताया कि परिवार में प्यार और एकता का वातावरण बनाने में यह प्रस्ताव मील का पत्थर साबित होगा। विभाजन दस्तावेज में सभी पक्षकार विभाजित सम्पत्ति में संयुक्त हिस्सेदार होते हैं और बंटवारा उनके बीच होता है। वर्तमान में पैतृक सम्पत्ति के बंटवारे के लिये तहसील में कुटुम्ब रजिस्टर बनता है, जिसमें सम्पत्ति के सभी हिस्सेदारों के नाम दर्ज होते हैं। फिर तहसीलदार के सामने सहमति पत्र दिया जाता है। इस पूरी प्रक्रिया में लम्बा समय लग जाता है।

वहीं, दूसरी प्रक्रिया के तहत हिस्सेदार अदालत जाते हैं, वहां भी निपटारे में कई साल लग जाते हैं। नई व्यवस्था में समय नहीं लगेगा। इस फैसले से कई पीढ़ियों से चले आ रहे सम्पत्ति विवाद भी खत्म हो सकेंगे।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल अयोध्या पहुंच कर हनुमानगढ़ी और श्रीरामलला का दर्शन–पूजन किया। इसके बाद उन्होंने आयुक्त सभागार में विकास कार्यों और कानून–व्यवस्था की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को कम से कम पैदल चलना पड़े इसके लिये ई–वाहनों का संचालन बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि यातयात व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिये उसका विभाजन, रूट और रंगों के आधार पर अलग–अलग किया जाय। श्री योगी ने कहा कि अयोध्या में हो रहे कुंडों के सुन्दरीकरण में पुरानी पद्धति का इस्तेमाल कर के जल शोधन किया जाए। मुख्यमंत्री ने सर्किट हाउस में पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक कर के उपचुनाव की तैयारियों की जांच की। साथ ही, धर्मपथ पर आस्था रथ और श्रीराम हेरिटेज वॉक का लोकार्पण किया। इसके बाद विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण भी किया। मुख्यमंत्री आज दिगम्बर अखाड़ा में ब्रह्मलीन परमहंस रामचन्द्र महाराज की मूर्ति का अनावरण करेंगे और भण्डारा कार्यक्रम में शामिल होंगे।

उधर, अयोध्या में श्री रामलला के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के लिए कल एयरपोर्ट से सिटी बस सेवा शुरू की गई। एयरपोर्ट से लता चौक तक तीन सिटी ई बस चलेंगी। इस सिटी बस सेवा से स्थानीय यात्रियों को भी सुविधा मिलेगी। यह बसें महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट से नाका, सहादतगंज, रिकाबगंज चौराहा, नियावां होते हुए राम मंदिर के सामने लता चौक पहुंचेगी।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने राज्य के उच्च शिक्षा क्षेत्र में निजी निवेश को प्रोत्साहन देने के लिए नई नीति तैयार करने का निर्देश दिया हैं। इस संबंध में कल लखनऊ में हुई बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि एक मंडल एक विश्वविद्यालय की परिकल्पना साकार हो गयी है। अब एक जिला एक विश्वविद्यालय का लक्ष्य तय करना है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले सात वर्षों में सभी अट्ठारह मंडलों में विश्वविद्यालयों की स्थापना हो चुकी है या निर्माण कार्य जारी है। मंडलों के बाद अब हमारा लक्ष्य एक जिला–एक विश्वविद्यालय का होना चाहिए। वर्तमान में पैंतीस जनपदों में विश्वविद्यालय की उपलब्धता है, शेष जिलों में विश्वविद्यालयों के लिए निजी क्षेत्र बड़ा सहयोगी बन सकता है। उच्च शिक्षा में निजी क्षेत्र के वित्तपोषण को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। श्री योगी ने कहा कि उच्च शिक्षा में निजी निवेश पर अन्य राज्यों की नीति का अध्ययन करें। स्टेकहोल्डर्स से संवाद करें और जल्द उच्च शिक्षा प्रोत्साहन नीति तैयार कर प्रस्तुत करें। नई नीति में निवेशकों को स्टाम्प ड्यूटी में छूट,

कैपिटल सब्सिडी आदि प्रोत्साहन को स्थान दें। उन्होंने कहा कि नई नीति में आकांक्षात्मक जनपदों में विश्वविद्यालयों की स्थापना पर अतिरिक्त प्रोत्साहन का भी प्रावधान होना चाहिए।

**********

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पांच सितंबर को शिक्षक दिवस पर कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय की ओर से नई दिल्ली में आयोजित होने वाले कार्यक्रम में व्यावसायिक प्रशिक्षण एवं उद्यमिता विकास में उत्कृष्टता के लिए राष्ट्रीय पुरस्कार वितरित करेंगी। इसके लिए राज्य निदेशालय और उद्यमिता के विभिन्न संस्थान पांच श्रेणियों में प्रशिक्षकों और मास्टर प्रशिक्षकों का नामांकन भेज सकते हैं। नामांकन दस अगस्त दो हजार चौबीस तक राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन भेजे जा सकते हैं।

**********

पेरिस ओलंपिक में कल भारत के नीरज चोपड़ा ने पुरूषों की भाला फेंक प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल मुकाबले के लिए क्वॉलीफाई किया। उन्होंने पहले ही प्रयास में नवासी दशमलव तीन चार मीटर का थ्रो किया। इसके अलावा महिलाओं की पचास किलोग्राम वर्ग की कुश्ती प्रतियोगिता में विनेश फोगाट ने सेमीफाइनल में जगह बना ली है। विनेश ने क्वॉटर फाइनल मुकाबले में यूक्रेन की उकसाना को सात, पांच से हराया। उधर, हॉकी प्रतियोगिता में जर्मनी ने आखिरी छः मिनट में गोल कर के भारत का सपना तोड़ दिया। जर्मनी ने तीन दो से यह मैच जीत कर स्वर्ण पदक मुकाबले में जगह बनायी। जर्मनी का सामना अब फाइनल में नीदरलैण्ड से होगा जबकि भारतीय टीम कांस्य पदक के लिये स्पेन से मुकाबला करेगी।

**********

वाराणसी में कल श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर से सटी दो इमारतें ढह जाने से एक महिला की मौत हो गई जबकि नौ अन्य घायल हो गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घटना के बारे में वाराणसी के कमिश्नर कौशल राज शर्मा से बात की और प्रभावित लोगों की मदद करने को कहा। यह घटना तड़के तब हुई जब भारी बारिश के कारण दो पुरानी इमारतें ढह गईं। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस और प्रशासन की टीम ने घायलों को अस्पताल पहुंचाने के साथ ही बचाव कार्य शुरू कर दिया। वाराणसी के कमिश्नर कौशल राज शर्मा ने कहा कि काशी विश्वनाथ मंदिर के पास पुराने और जर्जर मकानों के मालिकों को अपनी सुरक्षा के लिए अगले दो या तीन महीने के लिए दूसरे स्थानों पर शिफ्ट होने को कहा गया है।

***दो तीन महीने आगे दिक्कत ना आए इसलिए हम लोग प्रयास कर रहे हैं की जिनके भी मकान डिरिपेयर है वे repair maintain करवा ले। उन्हें को रोका टोकी करे तो उनको एक helpnumber जारी है VDA से मैं करवा दे रहा हूँ। साथ ही साथ नगर निगम के माध्यम से जो properties पचास के आसपास चिन्हित है उनको notices करवा रहे हैं की वो वही दिनों दूसरे मकान में रहे और जब मकान की मरम्मत हो जाए तब वापिस अपने मकान में ीपजि करे मुआवजा dueprocess में जितना भी है वो आज ही दिलवाया जाएगा। साथ ही जो घायल है उनका free उपचार कराया जा रहा है उसका भी मुआवजा का जो प्रावधान है वो दिलवाया जाएगा। मकान के मुआवजे का जो प्रावधान है वो भी दिलवाया जाएगा।***

**********

पहाड़ों पर हो रही बारिश एवं बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण प्रदेश के कई जिलों में नदियों का जलस्तर बढ़ गया है। कई जगहों पर नदियों का पानी गांवों में प्रवेश कर गया है। प्रदेश में गंगा नदी बदायूं और केन नदी बांदा में खतरे के निशान से ऊपर पहुंच गई है। गंगा नदी का जलस्तर वाराणसी समेत मिर्जापुर, गाजीपुर और बलिया में बढ़ रहा है। प्रशासन की ओर से स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में राहत सामग्री वितरित की जा रही है। उधर, मौसम विभाग की ओर से आज झांसी, ललितपुर और आसपास के क्षेत्रों में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई हैं।

**********